


देश के उप राष्ट्रपति सी.पी.रमन योग दिवस पर योग करते हुए.



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन योग मुद्रा में.


देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह योग मुद्रा में तल्लीन.


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योग अभ्यास करते हुए.


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी योग मुद्रा में लीन होते हुए.


असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा योग करते हुए.


छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु साय मंत्रिमंडल के साथ योगाभ्यास में.

# योग ने देश से लेकर विदेश तक एकता और सौहार्द्र का दिया संदेश

**नई दिल्ली, 21 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश के उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने देशवासियों को शुभकानाएं दी साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया.**


उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने लोगों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा है कि यह व्यक्ति के स्वास्थ्य,कल्याण और चरित्र के लिए आजीवन निवेश है. श्री राधाकृष्णन ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को लेह, लद्दाख के स्पितुक स्टेडियम में योगाभ्यास समारोह में भाग लिया. इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा दूसरों को भी इसके परिवर्तनकारी लाभों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि योग एक अधिक स्वस्थ, अधिक सुखी और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में सहायक है तथा यह व्यक्ति के स्वास्थ्य, कल्याण और चरित्र के लिए आजीवन निवेश है.

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मेघालय के शिलांग स्थित पूर्वी वायु कमान मुख्यालय में लगभग एक हजार सैनिकों के साथ योगाभ्यास किया.

इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कायक्रम में मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे. योगाभ्यास के दौरान विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया गया, जिसमें शारीरिक और मानसिक संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया. रक्षा मंत्री ने योग को एक समग्र विज्ञान बताते हुए कहा कि यह केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है, जो व्यक्ति को आंतरिक स्थिरता, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक दृढ़ता प्रदान करती है. उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं से, समाज से और प्रकृति से जोड़ने का कार्य करता है.

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतवाशियों को योग दिवस पर शुभकामनाएं दी. सोशल मीडिया एक्स पर उन्होने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा की आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित योग कार्यक्रम में सहभागिता की।योग भारत की प्राचीन जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ, सजग और अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करती है. आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज योग वैश्विक जनकल्याण का माध्यम बनकर वसुधैव कुटुम्बकम् के भारतीय दर्शन को सशक्त कर रहा है.

> गृह मंत्री अमित शाह ने योग दिवस पर सोशल मीडिया एक्स के जरिये देशवाशियों को सम्बोधित करते हैं. पोस्ट में लिखा कि योग मानवता के लिए भारत का एक अमूल्य उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को ऊर्जावान बनाकर समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है. अहमदाबाद में एक सार्वजनिक योग सत्र में भाग लेकर दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ योग दिवस समारोह में शामिल हुआ.



वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योगाभ्यास को नियमित दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बनाने पर जोर देते हुये कहा कि योग भारतीय संस्कृति और ऋषि परंपरा की अनमोल विरासत है और स्वस्थ्य शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार बन सकता है. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगी ने रविवार को यहां सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होते हुये कहा कि योग केवल 21 जून तक सीमित नहीं होना चाहिए. उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की परंपरा और विरासत को वैश्विक मान्यता दिलाने का कार्य किया है. उनके प्रयासों के कारण आज 140 करोड़ भारतीय दुनिया में गौरव के साथ आगे बढ़ रहे हैं.

### अमेरिका में 21 जून को योग दिवस घोषित

**न्यूयॉर्क, 21 जून.** अमेरिका के डेलावेयर राज्य ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आधिकारिक मान्यता देते हुए 21 जून को योग दिवस घोषित किया है, साथ ही नागरिकों से स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने की अपील की गई है. अमेरिका के डेलावेयर राज्य में गवर्नर मैथ्यू मेयर ने एक आधिकारिक प्रोक्लेमेशन जारी कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है. इस घोषणा के साथ ही उन्होंने राज्य के नागरिकों से अपील की है कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं. गवर्नर ने अपनी घोषणा में कहा कि योग भारत की एक प्राचीन परंपरा है, जिसकी जड़ें हजारों वर्ष पुरानी हैं. उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की एक समग्र प्रक्रिया है. इसके नियमित अभ्यास से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं.

# खनन केस में 1023 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, 21 जून। प्रवर्तन निदेशालय के पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को बताया कि उसने सालगांवकर समूह और उसके सहयोगियों से जुड़े बड़े स्तर के अवैध लौह अयस्क खनन मामले में 1,023.85 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां कुर्क की हैं.**

कुर्क की गयी संपत्तियों में भारत स्थित 459.10 करोड़ रुपये मूल्य की 99 अचल संपत्तियां, सिंगापुर में 471.32 करोड़ रुपये मूल्य की 31 अचल संपत्तियां और भारतीय कंपनियों में 93.42 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं. ये संपत्तियां दिवंगत अनिल वासुदेव सालगांवकर की संपत्ति, सालगांवकर माइनिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, शांतिलाल खुशालदास एंड ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड, एस. कांतिलाल एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, सालिथो ओर्स प्राइवेट लिमिटेड, वर्टेक्स न्यूटन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और सुवर्णरेखा पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर हैं. ईडी ने इस मामले की जांच गोवा की सीआईडी क्राइम ब्रांच के भारतीय दंड संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और खान एवं खनिज अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी. उच्चतम न्यायालय ने 21 अप्रैल 2014 और सात फरवरी 2018 के अपने फैसलों में यह माना था कि गोवा में 22 नवंबर 2007 के बाद और नये खनन पट्टे जारी होने तक की गयी सभी खनन गतिविधियां अवैध और बिना किसी कानूनी अधिकार के थीं.

ईडी की जांच में सामने आया कि एवीएस समूह ने वर्ष 2007 से 2012 के बीच 10 खनन पट्टों का संचालन किया. समूह ने लौह अयस्क के अवैध निष्कर्षण, बिक्री और निर्यात के जरिये 2,492.95 करोड़ रुपये का काला धन जुटाया.

# अयोध्या मामले पर केजरीवाल का सरकार पर बड़ा आरोप

> अयोध्या केस में कई नाम, एफआईआर अब तक नहीं

**नई दिल्ली, 21 जून. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्श पर राम मंदिर घोटाले पर ट्वीट किया.**

अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावा प्रकरण को लेकर केजरीवाल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने करोड़ों रुपये की कथित चोरी और एफआईआर नहीं होने का दावा करते हुए कहा कि मामले में कई



बड़े नाम शामिल बताए जा रहे हैं. मामले में लगातार नए दावे और आरोप सामने आने के बीच विपक्ष ने भाजपा पर हमला तेज कर दिया है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने वीडियो जारी कर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कई गंभीर आरोप लगाए.

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

**चेन्नई, 21 जून.** तमिलनाडु के थूथुकुडी ज़िले के मसारपट्टी गांव में शनिवार शाम पटाखा बनाने वाली एक निजी फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक कर्मचारी की मौत हो गयी और 25 से ज़्यादा लोग घायल हो गये.

सप्ताहांत होने के कारण फैक्ट्री में 50 से ज़्यादा कर्मचारी मौजूद थे. कुछ अपनी हफ़्ते भर का वेतन ले रहे थे, तो कुछ पटाखे बना रहे थे. अचानक, एक कमरे में रखे पटाखों में धमाका हो गया, जिससे एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गयी और 25 अन्य घायल हो गए.

# ईडी ने विजयन की बेटी वीणा को दोबारा भेजा समन

**चेन्नई, 21 जून. केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी वीणा टी को ईडी ने सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरी बार समन जारी किया है. उन्हें 29 जून को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया है.**

ईडी का आरोप है कि वीणा की कंपनी एक्सालॉजिक को सीएमआरएल से 2.78 करोड़ रुपये बिना किसी सेवा के मिले. मामले में बैंक लॉकरों की भी जांच की गई है. आइए, विस्तार से पूरे मामले को समझते हैं. ईडी की जांच उस कथित वित्तीय लेनदेन से जुड़ी है, खनन कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड



रूटाइल लिमिटेड द्वारा वीणा की अब बंद हो चुकी आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को 2.78 करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने का आरोप है. जांच एजेंसी का दावा है कि यह राशि कंपनी को किसी सेवा के बदले नहीं दी गई थी.

# पश्चिम एशिया में नया अध्याय संभव : वेंस

**बर्गनस्टॉक, 21 जून. स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक रिजॉर्ट में अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुई उच्चस्तरीय वार्ता ने पश्चिम एशिया की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है.**

दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे तनाव के बीच इस बैठक को एक संभावित मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक रिजॉर्ट में चल रही वार्ता के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लेबनान में संघर्ष की स्थिति पहले की तुलना में बेहतर दिखाई दे रही है और इस दिशा में पिछले कुछ दिनों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरे क्षेत्र में पूर्ण युद्धविराम के पक्ष में हैं और कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता दे रहे हैं। वार्ता के दौरान यह भी सामने आया कि ईरान ने किसी भी व्यापक समझौते के लिए लेबनान में चल रही लड़ाई को रोकने की शर्त रखी है, जबकि इजराइल ने स्पष्ट किया है कि वह अमेरिका-ईरान समझौते से बाध्य नहीं होगा.

# होर्मुज से लौटे रहे हैं भारतीय टैंकर

> 3 क्रूड ऑयल टैंकर होर्मुज से गुजर चुके हैं

**नई दिल्ली, 21 जून. भारत की समुद्री और ऊर्जा सुरक्षा को एक बड़ी मजबूती मिली है क्योंकि भारतीय ध्वज वाले तीन क्रूड ऑयल टैंकर सफलतापूर्वक होर्मुज से गुजर चुके हैं और अब बड़ी मात्रा में रणनीतिक कार्गो लेकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं.**

यह घटनाक्रम क्षेत्र में बदलते



भू-राजनीतिक हालात के बीच हुआ है, जिनकी वजह से पहले इस अहम जलमार्ग से होने वाली शिपिंग में रुकावट आई थी.

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए सरकार के समन्वित प्रयासों पर जोर देते हुए इनके सुरक्षित गुजरने की जानकारी दी. एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, सुरक्षित रास्ता मिल गया भारतीय झंडे वाले 3 क्रूड ऑयल टैंकर 'देश वैभव', 'देश विभोर' और सनमार हेराल्ड 94 भारतीय क्रू सदस्यों के साथ 8.6 लाख एमटी से अधिक कार्गो लेकर आज होर्मुज से सफलतापूर्वक गुज़रे हैं और भारत आ रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत सरकार देश के समुद्री हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. हमारा मंत्रालय भारत के नाविकों और ऊर्जा आपूर्ति मार्गों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है.

# देश में बारिश 41 प्रतिशत कम कई क्षेत्र सूखे जैसे हालात

**नई दिल्ली, 21 जून. जून के शुरुआती तीन हफ्तों में मानसून की बारिश संचयी औसत (1971-2020) से काफी कम दर्ज की गयी है।**

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 20 जून तक मानसून की बारिश राष्ट्रीय संचयी औसत से करीब 41.4 प्रतिशत कम दर्ज की गयी है.आंकड़ों के अनुसार, 20 जून तक देश में वास्तविक संचयी बारिश केवल 54.4 मिलीमीटर दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि के लिए सामान्य वर्षा का स्तर 92.8 मिलीमीटर होना चाहिए था. इस प्रकार देश भर में कुल मिलाकर 41.4 प्रतिशत की भारी कमी देखी जा रही है.

मौसम विभाग ने बताया कि देश का मध्य भाग बारिश की इस कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 20 जून तक सामान्य के मुकाबले 65 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। इसके साथ ही पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत में भी मानसून की सुस्ती का बड़ा असर देखा गया है, जहां सामान्य से 44 प्रतिशत कम बारिश हुई है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भी स्थिति चिंताजनक है.

## आज का इतिहास

- 1555 : मुगल सम्राट हुमायूं ने अपने पुत्र अकबर को अपना वारिस घोषित किया.
- 1633 : इटली के खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ गैलीलियो को पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है, ये बताने पर चर्च ने आजीवन नजरबंदी का फैसला सुनाया.
- 1897 : चापेकर भाइयों, दामोदर और बालकृष्ण ने पुणे में एक ब्रिटिश अधिकारी को गोली मार दी.
- 1906 : स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया.

## हस्तियों के ट्वीट



मोहम्मद बिन जायेद ने फादर्स डे पर अपने पिता को याद करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए एक भावुक पोस्ट लिखा - पिता एक प्रभावशाली आदर्श और अपने परिवार की खुशी और स्थिरता का एक अहम आधार होते हैं. फादर्स डे पर, हम अपने संस्थापक पिता, स्वर्गीय शेख जायद को याद करते हैं, जो पितृत्व की एक मिसाल थे.

प्रमुख भारतीय उद्यमी, पॉडकास्टर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर राज शमानी ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके भागदौड़ जिंदगी के बारे में लोगों को घबराहट और शोर-शराबा से दूर रहने की सलाह दी है. आज के समय में शांत मन होना ही सबसे बड़ा कॉम्पिटिटिव फ़ायदा है. दुनिया हर पल आपकी स्क्रीन पर लगातार घबराहट और शोर-शराबा भेजती रहती है.



# एक्सप्रेसवे हादसे में दरोगा की मौत

**लखनऊ, 21 जून. रविवार दोपहर यमुना द्रुतगामी मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई. यूपी के मांट विधानसभा से भाजपा विधायक राजेश चौधरी के सुरक्षा वाहन को एक तेज रफ्तार मालवाहक ट्रक ने टक्कर मार दी.**

इस हादसे में दरोगा राजेंद्र सिंह की दुखद मौत हो गई, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हुए. विधायक राजेश चौधरी को रविवार दोपहर जेवर हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए उड़ान भरनी थी. वह अपने काफिले के साथ द्रुतगामी मार्ग से जेवर हवाई अड्डे उतरे थे. यह दुर्घटना नए फ्लाईओवर के निकट हुई.


एक मालवाहक ट्रक गलत दिशा से सामने आ रहा था. उसने मोड़ पर सुरक्षा वाहन को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरक्षा वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया. वाहन में सवार पुलिसकर्मी बुरी तरह फंस गए.

# 6 दिन की जांच के बाद एसआईटी ने सौपी रिपोर्ट

> एसआईटी जांच में 150 नाम सामने

**अयोध्या,21 जून. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितताओं की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है.**

स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम द्वारा की जा रही जांच में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और बैंक लेन-देन की



जानकारी खंगाली गई है. करीब 500 हजार के सवालों के पूछने से ये राज खुली.जांच में ये पता चला है कि गिनती करने वालों की शिप्ट नहीं बदली जाती थी. बैंक अधिकारियों से भी एसआईटी की टीम पूछताज कर रही है. अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट से जुड़े चढ़ावा प्रबंधन में कथित अनियमितताओं के मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार कर ली है.

सूत्रों के अनुसार, टीम यह रिपोर्ट सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है. जांच के दौरान एसआईटी ने करीब 6 दिनों तक मंदिर परिसर, बैंक रिकॉर्ड और संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ की। इस दौरान कई अहम डिजिटल साक्ष्य, जिनमें लगभग 7 पेन ड्राइव में सुरक्षित डेटा शामिल है, को जांच के दायरे में लिया गया है। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, दान की गिनती प्रक्रिया, बैंक में धन जमा करने की व्यवस्था और वित्तीय रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की है।सूत्रों के अनुसार, जांच में लगभग 150 संदिग्ध नाम सामने आए हैं.

**सशक्त भारत** — प्रधानमंत्री ने तीन स्वदेशी युद्धपोत राष्ट्र को किए समर्पित

# आईएनएस से समंदर में बढ़ी भारत की ताकत : मोदी

**नई दिल्ली 21 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित तीन युद्धपोतों आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय राष्ट्र को समर्पित किया.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस देश की समुद्री शक्ति जितनी मजबूत होगी, उसका आर्थिक और सामरिक प्रभाव भी उतना ही सशक्त होगा. उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी समुद्री क्षमताओं को मजबूत



करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज 21 जून को विश्व जल सर्वेक्षण दिवस (डब्ल्यूएचडी) के रूप में भी मनाया जाता है. यह बहुत ही अद्भुत संयोग है कि आज के दिन हमने भारत का सबसे उन्नत जल-सर्वेक्षण जहाज आईएनएस संशोधक का कमीशन किया है. उन्होंने कहा कि आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है.

> पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया गवाह है कि समुद्री क्षमता के बिना कोई भी राष्ट्र बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है. समुद्र से विकास जुड़ा है, सुरक्षा जुड़ी है और समृद्धि जुड़ी है. आज दुनिया का अधिकांश व्यापार समुद्री मार्गों से ही होता है. दुनिया को जोड़ने वाले विशाल नेटवर्क समुद्र के नीचे से गुजरते हैं. आने वाले समय में महत्वपूर्ण खनिज और नई ऊर्जा के स्त्रोत भी समुद्र से जुड़ेंगे. जिस देश का समुद्री सामर्थ मजबूत होगा,

## अमृतसर में गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़

**अमृतसर, 21 जून.** पंजाब में संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत राज्य विशेष अभियान सेल (एसएसओसी) अमृतसर और काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने एक केंद्रीय एजेंसी के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी हैंडलरों से जुड़े गैंगस्टर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन विदेशी निर्मित अत्याधुनिक पिस्तौल और कारतूस बरामद किये हैं. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनमोल सिंह उर्फ मोहला निवासी वड्डा ठेठरके (बटाला), जगरूप सिंह उर्फ रूपा निवासी शाहपुर है.

# योग दिवस पर डब्लूसीएल ने रचा कीर्तिमान

**नई दिल्ली, 21 जून. डब्ल्यूसीएल ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपने कार्यक्षेत्र के 152 विभिन्न स्थानों पर 30,000 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया.**

स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर आयोजित यह व्यापक अभियान माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय कोयला मंत्री एवं केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के अनुरूप संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य योग को जन-आंदोलन बनाते हुए स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना है.



मुख्य कार्यक्रम डब्ल्यूसीएल मुख्यालय, इंदोरा परेड ग्राउंड, नागपुर में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे के नेतृत्व में निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, संचालन समिति सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. उमा शंकर पांडेय 'जल प्रहरी' अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने डब्ल्यूसीएल परिवार के साथ योगाभ्यास कर सभी को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी.

भव्य आयोजन से प्रभावित होकर उन्होंने डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा रीना पांडे को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया.